तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **रावलसिंह बनाम लो.सू.अ.(तहसीलदार देचू)** सू.अ.अ. अपील संख्या 238/2022	नं० व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
16-08-2022	अपीलार्थी रावलसिंह राठौड़, पता रणजीत कुन्ज 235, हनवंत बी, मार्ग 15 बी.जे.एस जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 28.04.2022 में (1) राजस्व गांव पीलवा में ग्राम भेड़ से पीलवा तक मार्ग/ग्रेवाल रोड़ तथा पीलवा से जोधपुर रोड़ के मिलने से चौराहा बना हुआ है, उस चौराहे की भूमि का खसरा नम्बर व अन्य बिन्दुओं,, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार देचू) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार देचू) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार देचू) से जरिये पत्रांक 254 दिनांक 21.07.2022 को रिपोर्ट प्राप्त हुई, जिसमें बतलाया कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना् इस कार्यालय से पूर्व पत्रांक/आरटीआई/2022/184 दिनांक 30.05.2022 द्वारा जरिये रजिस्टर्ड डाक से सूचना प्रेषित कर दी गई थी। रिपोर्ट के साथ प्रेषित पत्र की फोटो प्रति भी संलग्न प्राप्त हुई। चूंकि लोक सूचना अधिकारी की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी/प्रार्थी को उनके प्रार्थना पत्र पर सूचना का जबाब रजिस्टर्ड पत्र से भिजवाया जाना बताया गया अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं होने से अपील निरस्त योग्य है जो निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	